"कोविदार"

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

अक्टूबर, 2026 विश्वविद्यालय की ई–मासिक न्यूज पत्रिका वर्षः 02 अंकः 04 पृष्ठः 10

संरक्षक

कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह
कुलपति

प्रकाशक

श्री विनय कुमार सिंह
कुलसचिव

संपादक

डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी
जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग

सम्पादकीय मण्डल

डॉ. राज नारायण पाण्डेय
डॉ. अनुराग सिंह
श्री क्षितिज द्विवेदी

संकलन एवं सम्पादन

लक्ष्मी पाठक, श्रेया मौर्या, श्रेया सेन, आनन्द पाण्डेय, कुमारी रंगोली, तुषा श्रीवास्तव, शिवांश कुमार, सृष्टि कौशल।

आप सुधी पाठकों के विचार सादर आमंत्रित
Avadhuniversity@gmail.com

सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवाः कुलपति

अवध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

अयोध्या, 31 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मता केंद्र के तत्वावधान में मुख्य परिसर स्थित संत कबीर सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) पर व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि सरदार पटेल आधुनिक भारत के शिल्पकार और अटूट इच्छाशक्ति के प्रतीक थे। युवा पीढ़ी को उनके जीवन–मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्रप्रथम की भावना को अपने आचरण में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अखंड एवं सशक्त भारत के निर्माण का दायित्व युवाओं के कंधों पर है।

मुख्य वक्ता प्रो. आशुतोष सिन्हा ने स्वतंत्रता संग्राम में सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प से आजादी के बाद 565 रियासतों का भारत में विलय संभव हुआ।



राष्ट्रीय एकता दिवस पर अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में आयोजित समारोह में प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं मंचासीन अतिथिगण।

इस अवसर पर कुलपति ने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। केंद्र द्वारा 27 एवं 28 अक्टूबर को आयोजित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, केंद्र समन्वयक प्रो. सुरेंद्र मिश्र, कुलानुशासक प्रो. संत शरण मिश्र, प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो. शैलेन्द्र कुमार, प्रो. शैलेन्द्र वर्मा सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अयोध्या और तमिलनाडु के सांस्कृतिक संबंध सदियों पुरानेः कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

अवध विश्वविद्यालय में तमिलनाडु दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

अयोध्या, 31 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में तमिलनाडु दिवस के उपलक्ष्य में श्रीराम शोध पीठ में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं मुख्य अतिथि कांची मठ, अयोध्या के रामचन्द्र आचार्य ने प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि अयोध्या और तमिलनाडु के संबंध केवल भौगोलिक एवं सांस्कृतिक नहीं, बल्कि प्राचीन सभ्यता और रामायणकालीन विरासत से जुड़े हैं। भगवान श्रीराम एवं रामेश्वरम की परंपरा उत्तर और दक्षिण भारत को आध्यात्मिक सूत्र में जोड़ती है। तमिलनाडु दिवस विविधता में एकता की भावना को मजबूत करने तथा एक–दूसरे की भाषाओं एवं परंपराओं का सम्मान करने का अवसर है।

मुख्य अतिथि रामचन्द्र आचार्य ने कहा कि अयोध्या और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक संबंध हैं। तमिलनाडु की साहित्यिक, धार्मिक एवं भक्ति परंपरा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।





अवध विश्वविद्यालय के श्रीराम शोध पीठ में तमिलनाडु दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं मुख्य अतिथि रामचन्द्र आचार्य।

कार्यक्रम में वैभवी तिवारी एवं जूही सिंह ने तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत पर विचार प्रस्तुत किए। शताक्षी, निशा, माही एवं दीविता ने भरतनाट्यम की वेशभूषा पर आधारित फैशन शो प्रस्तुत किया। साथ ही डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से तमिलनाडु की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया गया।

कार्यक्रम का संयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया। इस अवसर पर प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. एसके रायजादा, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, डॉ. अवध नारायण, डॉ. दिवाकर त्रिपाठी, डॉ. अनुराग सिंह, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दीपोत्सव की वैश्विक गरिमा बढ़ाने में स्वयंसेवकों की भूमिका अहमः कुलपति

दीपोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर अवध विश्वविद्यालय में समन्वय बैठक आयोजित

अयोध्या, 29 अक्टूबर, 2026। दिव्य दीपोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में जिला प्रशासन, संबद्ध महाविद्यालयों, इंटरमीडिएट कॉलेजों एवं दीपोत्सव समिति के पदाधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी रहे तथा अध्यक्षता कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने की।

कुलपति ने कहा कि अयोध्या का दीपोत्सव भारतीय सनातन एवं सांस्कृतिक परंपरा का गौरवशाली पर्व है। इसकी दिव्यता और सकारात्मक संदेश विश्वभर में प्रसारित करने का संकल्प प्रत्येक स्वयंसेवक को लेना होगा। स्वयंसेवकों के अनुशासन, समर्पण और निष्ठा से ही आयोजन वैश्विक पटल पर अयोध्या का मान बढ़ाएगा।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि दीपोत्सव की गरिमा एवं दिव्यता बनाए रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने सुरक्षा एवं अनुशासन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए स्वयंसेवकों को सूती वस्त्र पहनने, पहचान पत्र सुरक्षित रखने तथा निर्धारित घाटों पर ही दायित्व निभाने की सलाह दी।



दीपोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित समन्वय बैठक में उपस्थित महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं जिला प्रशासन के अधिकारी।

मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह ने निर्धारित स्थलों पर बने रहने तथा किसी भी समस्या पर प्रशासन से संपर्क करने को कहा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिए 150 से अधिक दमकल कर्मी तैनात रहेंगे। यातायात व्यवस्था एवं निर्धारित पार्किंग के उपयोग पर भी जोर दिया गया।

बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। स्वागत उद्बोधन दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. एस.एस. मिश्र तथा संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया। बैठक में प्राचार्य प्रो. दानपति त्रिपाठी, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो. सी.के. मिश्र, प्रो फर्रुख जमाल, प्रो. पी.के. द्विवेदी, प्रो. गंगा राम मिश्र, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो सुरेन्द्र मिश्र डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. विनीत सिंह सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अवध विश्वविद्यालय में यूपी राइज 2026 का आयोजन

अयोध्या, 29 अक्टूबर, 2026। डॉ. मदान ने विद्यार्थियों को निरंतर



राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के डॉ. लोहिया इन्क्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा स्वामी विवेकानंद सभागार में 'यूपी राइज 2026' (युवा शक्ति थिंक टैंक) का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मोटिवेशनल स्पीकर हिमेश प्रयास, साहस और नवाचार के साथ उद्यमिता अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय रोजगार सृजित करने वाला बनना चाहिए।

फाउंडेशन के निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने विश्वविद्यालय के स्टार्टअप इकोसिस्टम की जानकारी दी। प्रतियोगिता में 12 टीमों ने कृषि, पर्यावरण, अपशिष्ट प्रबंधन एवं तकनीक पर आधारित विचार प्रस्तुत किए। आनंद यादव प्रथम, बृजेश कुमार यादव, सौरभ कुमार एवं अदिति बर्नवाल द्वितीय तथा आयुष मिश्रा और अदिति बरनवाल, अपर्णा, निष्ठा एवं आयुषी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। अंत में प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में तकनीकी दक्षता और कौशल विकास जरूरीः प्रो. नीरज अग्रवाल

अयोध्या, 24 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग में पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में कौशल विकास और तकनीकी नवाचार पर विशेष व्याख्यान और डिजिटल मार्केटिंग का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, संचार कौशल एवं तकनीकी दक्षता विकसित करनी चाहिए।

विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्



पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग पर आयोजित विशेष व्याख्यान के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. नीरज अग्रवाल को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित करते विभागीय शिक्षकगण।

आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. नीरज अग्रवाल रहे।

उन्होंने कहा कि पर्यटन एवं होटल उद्योग में डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

कुमार वर्मा ने अतिथि का स्वागत किया। प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने ध न्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. निमिष मिश्रा, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. प्रवीण राय सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अवध विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान, विद्यार्थियों ने किया श्रमदान

अयोध्या, 26 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का संयोजन आईईटी निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह के मार्गदर्शन तथा एनएसएस प्रभारी डॉ. अनुराग सिंह एवं डॉ. मनीषा यादव के नेतृत्व में किया गया। प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि स्वच्छ वातावरण बेहतर शैक्षणिक माहौल की आधारशिला है। अभियान में विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर भवनों, प्रयोगशालाओं एवं मुख्य मार्गों की सफाई की। अंत में सभी ने परिसर को स्वच्छ एवं हरा–भरा र खने का संकल्प लिया।



डिस्क्लेमर : ई–पत्रिका का प्रकाशन पूरी तरह से शैक्षणिक विकास को समर्पित है, इसका कोई भी व्यावसायिक हित नहीं है। सर्वाधिकार @ डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

दीपोत्सव की सफलता के लिए कुलपति ने किया मां सरयू का पूजन–अर्चन, 30 लाख दीयों का लक्ष्य

प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से अयोध्या रचेगी दीपोत्सव का नया कीर्तिमानः कुलपति

अयोध्या, 23 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने दीपोत्सव–2026 की सफलता एवं निर्विघ्न आयोजन के लिए राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में मां सरयू एवं प्रभु श्रीराम का विधिवत पूजन–अर्चन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरयू मंदिर के पुजारी पं. नेत्रजा मिश्र ने पूजन संपन्न कराया।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि दीपोत्सव सनातन संस्कृति, जन–जन की आस्था और सामूहिक निष्ठा का महापर्व है। प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद और स्वयंसेवकों के अथक परिश्रम से अयोध्या एक बार फिर विश्व पटल पर नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल रिकॉर्ड बनाना नहीं, बल्कि अयोध्या की आध्यात्मिक गरिमा और सांस्कृतिक ऊर्जा को विश्वभर में पहुंचाना है।



दीपोत्सव–2026 की सफलता के लिए राम की पैड़ी पर मां सरयू एवं प्रभु श्रीराम का पूजन–अर्चन करते अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं अन्य शिक्षकगण।

कुलपति ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इस वर्ष 30 लाख से अधिक दीये प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। स्वयंसेवकों को दीयों की सजावट, तेल–बाती प्रबंधन, समयबद्धता एवं गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आवासीय परिसर, संबद्ध महाविद्यालयों, इंटर कॉलेजों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 35 हजार से अधिक स्वयंसेवक आयोजन में सहभागिता करेंगे। प्रो शैलेंद्र कुमार, डॉ. विनोद कुमार चौधरी, विश्वविद्यालय प्रशासन एवं दीपोत्सव समिति द्वारा घाटों पर सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, प्रो. संत शरण मिश्र, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. सी. के. मिश्र, प्रो. अशोक राय, डॉ. दिवाकर त्रिपाठी, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, डॉ. अनुराग सोनी, आलोक तिवारी, डॉ. राजेश सिंह, आशीष मिश्र, डॉ. अंकित श्रीवास्तव, अनेक शिक्षक, अधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

संत कंवरराम साहिब के आदर्श आज भी प्रासंगिकः प्रो. अनूप कुमार

अवध विश्वविद्यालय में शहीदी दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

अयोध्या, 31 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर स्थित अमर शहीद संत कंवरराम सिंधी अध्ययन केंद्र में संत कंवरराम साहिब के शहीदी दिवस पर एक दिवसीय विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संत के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



संत कंवरराम साहिब के शहीदी दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में श्रद्धांजलि अर्पित करते केंद्र निदेशक प्रो. अनूप कुमार, अतिथिगण एवं विद्यार्थी।

विश्वविद्यालय के कुलगीत एवं संत के भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए केंद्र निदेशक प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि संत कंवरराम साहिब का संपूर्ण जीवन मानवता, प्रेम, त्याग, सेवा और आध्यात्मिक चेतना का अनुपम उदाहरण है। मुख्य वक्ता कपिल कुमार ने संत के जीवन दर्शन, सिंधी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण तथा सामाजिक समरसता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. गंगाराम मिश्र एवं डॉ. अवध नारायण ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन कपिल कुमार ने तथा आभार विनीता पटेल ने किया।

इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. शशिकला सिंह, डॉ. नीलम सिंह, रत्नेश यादव, प्रतीक रंजन, शालिनी पांडेय, प्रेरणा केवलानी एवं अमन विक्रम सिंह सहित शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बीबीए के विद्यार्थियों ने स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित कर मनाया अभ्युदय–2026

अयोध्या, 31 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में बीबीए के विद्यार्थियों द्वारा 'अभ्युदय–2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रो. हिमांशु शेखर सिंह एवं डॉ. राणा रोहित सिंह ने स्वच्छता कर्मियों को उत्तरीय पहनाकर सम्मानित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र वर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं सोशल मीडिया के सदुपयोग का संदेश दिया। डॉ. राणा रोहित सिंह ने स्वच्छता को सभी की जिम्मेदारी बताया, जबकि डॉ. निमिष मिश्रा ने इसे सराहनीय पहल कहा। रंगारंग प्रस्तुतियों, गेम शो, क्विज एवं रैंप वॉक के माध्यम से हर्षित मिस्टर फ्रेशर तथा आराध्या मिश्रा मिस फ्रेशर चुनी गईं। तान्या जायसवाल बेस्ट परफॉर्मर प्रथम एवं श्रेयांश श्रीवास्तव द्वितीय रहे। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज, डॉ. प्रवीण राय, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. आशुतोष पांडेय, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. कपिल देव, डॉ. रामजी सिंह उपस्थित रहे।



राज्यपाल के संभावित आगमन से पूर्व विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करें: कुलपति

अवध विश्वविद्यालय में दीपोत्सव एवं विकास कार्यों की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

अयोध्या, 21 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में दीपोत्सव की तैयारियों एवं विश्वविद्यालय की शैक्षिक और प्रशासनिक गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हाइब्रिड मोड में संपन्न हुई। नवंबर के प्रथम सप्ताह में कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल के संभावित आगमन के दृष्टिगत विभिन्न विकास एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की गई।

कुलपति ने परिसर में पेयजल आपूर्ति, वाहन पार्किंग, आधुनिक प्रयोगशालाओं की सक्रियता, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), छात्रावास सुविधाओं, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता तथा शैक्षणिक भवनों में फर्नीचर की उपलब्धता की बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभागाध्यक्षों एवं समन्वयकों को लंबित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

कुलपति ने कहा कि दीपोत्सव की तैयारियों, परिसर के सौंदर्यीकरण, सुरक्षा एवं छात्र सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। एसटीपी परियोजना, छात्रावासों का उन्नयन, प्रयोगशालाओं की सक्रियता एवं सुरक्षा प्रबंधन विश्वविद्यालय की प्राथमिकताएं हैं। सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक परिवेश को उत्कृष्ट बनाएं।


बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पुर्णेंदु शुक्ल, कुलानुशासक प्रो. एस.एस. मिश्र, प्रो. मृदुला चौधरी, डॉ. दीपशिखा चौधरी, डॉ. नीलम मिश्रा, प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, प्रो. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. दिनेश सिंह सहित अन्य कुमार, डॉ. विनोद कुमार चौधरी, डॉ. संजय अधिकारी मौजूद रहे।



अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं उपस्थित विभागाध्यक्ष और अधिकारी।

अवध विवि ने विद्यार्थियों को उद्यमिता और स्टार्टअप के लिए किया प्रेरित

अयोध्या, 15 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय 'आइडिया टू इम्पैक्ट: स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्टार्टअप पिचिंग बूट कैंप' का शुभारंभ हुआ। 15 से 17 अक्टूबर तक आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के नवाचारी विचारों को व्यावसायिक मॉडल में विकसित करना है।



मुख्य वक्ता डॉ. विवेक कुमार ने उद्यमिता, स्टार्टअप रणनीति और बिजनेस मॉडल की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यावसायिक अवसरों की पहचान और विचारों को धरातल पर उतारने के गुर सिखाए। डॉ. लोहिया इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि युवाओं को नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार सृजनकर्ता बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. राकेश कुमार ने अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बूटकैंप में बिजनेस मॉडल कैन्वास, आइडिया वैलिडेशन और पिचिंग का प्रशिक्षण प्रतिभागियों को दिया जाएगा।

कुषाण काल में बौद्ध धर्म के विस्तार पर शोधपत्र प्रस्तुत

अयोध्या, 24 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में शोध संगोष्ठी आयोजित हुई। इसमें शोध छात्र विकास वर्मा ने कुषाण काल में बौद्ध धर्म से संबंधित अभिलेखीय, मुद्राशास्त्रीय एवं पुरातात्विक साक्ष्यों पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।



उन्होंने कनिष्क के संरक्षण में बौद्ध धर्म के विस्तार, चतुर्थ बौद्ध संगीति तथा मथुरा और गांधार कला शैलियों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय चौधरी ने शोधार्थी के प्रयासों की सराहना करते हुए प्राचीन इतिहास के नए शोध और साक्ष्यों के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर पंकज शर्मा, सूरज सिंह, ज्ञान प्रकाश तिवारी, संजीत, शिवानी, ऊषा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कुलपति के निर्देशन में अवध विश्वविद्यालय ने तेज की दीपोत्सव की तैयारियां

अयोध्या, 22 अक्टूबर, 2026। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में आयोजित होने वाले भव्य दीपोत्सव–2026 की तैयारियों को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने गति दे दी है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में राम की पैड़ी सहित सरयू तट के घाटों पर दीप स्थापना के लिए मार्किंग का कार्य गुरुवार से शुरू हो गया।

दीपोत्सव के निर्विघ्न आयोजन की कामना के साथ शुक्रवार, 23 अक्टूबर को प्रातः 7रू30 बजे घाट संख्या–10 पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन होगा। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह भूमि पूजन संपन्न करेंगे। इसमें विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक एवं समन्वयक शामिल होंगे।

दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि घाटों की साफ–सफाई के बाद योजनाबद्ध तरीके से मार्किंग शुरू कराई गई है। इस वर्ष दीपोत्सव के लिए कुल 56 घाट निर्धारित किए गए हैं। मार्किंग कमेटी के संयोजक एवं पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि दीपों की सटीक सजावट के लिए चार वर्ग फीट के ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। उनकी टीम आगामी तीन से चार दिनों में मार्किंग का कार्य पूरा कर लेगी।

मार्किंग पूरी होने के बाद घाटों पर दीप एवं अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाई अंतिम चरण में है। इसके बाद उन्हें घाटवार



जाएगी। वहीं, दीप प्रज्ज्वलन में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों का ऑनलाइन पंजीकरण जिम्मेदारियां और पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे।

अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में डांडिया की धूम, छात्राओं ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग

छात्राओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा: कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

अयोध्या, 17 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में नवरात्रि के पावन पर्व पर छात्राओं द्वारा भव्य डांडिया उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती मीना सिंह एवं कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह का शुभारंभ मां दुर्गा की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्रावास की छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में मनमोहक गायन और डांडिया नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति, वातावरण से सराबोर हो उठा।



अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में आयोजित डांडिया उत्सव के अवसर पर छात्राओं का उत्साहवर्धन करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती मीना सिंह।

परंपरा और नवरात्रि के उल्लास को जीवंत कर दिया। पूरा परिसर भक्तिमय एवं उत्सवी समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सफल आयोजन के लिए छात्राओं की सराहना की और उन्हें नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्राओं की सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध है। इस दिशा में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अपनी शैक्षणिक अथवा व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए उनसे सीधे संपर्क कर सकती हैं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में छात्रावास की वार्डन डॉ. गीतिका श्रीवास्तव एवं डॉ. स्वाति सिंह की प्रमुख भूमिका रही। इस दौरान छात्रावास की कर्मचारी रंजना कुमारी, चंद्रावती, काजल, गीता, बी.ओ.जी. के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

स्टार्टअप पिचिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

अयोध्या, 17 अक्टूबर, 2026।अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'आइडिया टू इंपैक्ट: स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्टार्टअप पिचिंग बूटकैंप' का समापन हुआ।



अंतिम दिन मुख्य वक्ता डॉ. विवेक कुमार ने विद्यार्थियों को निवेशकों के समक्ष नवाचारी विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के गुर सिखाए। उन्होंने समस्या, समाधान, वैल्यू प्रपोजिशन और निवेश की मांग को संक्षिप्त पिच डेक में प्रस्तुत करने पर जोर दिया। डॉ. लोहिया इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने अतिथि के प्रति आभार जताया। कार्यशाला का समन्वय डॉ. राकेश कुमार ने किया। एमबीए समन्वयक डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया।

उज्ज्वल और ऋति ने जीता मिस्टर–मिस फ्रेशर का खिताब

अयोध्या, 11 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के विवेकानन्द सभागार में बीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में भव्य फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नवागंतुकों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। समारोह में गायन, नृत्य, रोचक खेल और रैंप वॉक जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांधा। कड़े मुकाबले के बाद उज्ज्वल को मिस्टर फ्रेशर तथा ऋति पांडेय को मिस फ्रेशर चुना गया। आयुष पांडेय मिस्टर चार्मिंग और आयुषी चार्मिंग बनीं। अखिलेन्द्र एवं समूह, आकृति एवं समूह तथा श्रेया को बेस्ट परफॉर्मर का खिताब मिला।

बीए समन्वयक प्रो. आशुतोष सिन्हा ने विद्यार्थियों को मनोरंजन के साथ अनुशासन और अध्ययन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी। आयोजन डॉ. नवनिमणि के निर्देशन में हुआ। अग्रिमा मिश्रा, वैभव दुबे, अमन धरिया, कशिश यादव, नित्या त्रिपाठी, स्वीक्षा पांडे, साक्षी शुक्ला, अनिकेत यादव एवं जाह्नवी कुमारी ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रो. सुरेंद्र मिश्र, डॉ. अवध नारायण, डॉ. प्रत्याशा मिश्रा, डॉ. मीनू वर्मा, डॉ. प्रतिभा, डॉ. शिवांश, डॉ. अंकित मिश्रा, डॉ. अखंड प्रताप सिंह, डॉ. प्रतिभा देवी, डॉ. मीनू वर्मा, डॉ. श्याम बहादुर, डॉ. सौम्या सिंह, डॉ. प्रतिभा मिश्रा एवं डॉ. शालिनी सिंह सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



अवध विश्वविद्यालय के विवेकानन्द सभागार में फ्रेशर पार्टी में चयनित मिस्टर एवं मिस फ्रेशर को सम्मानित करते शिक्षकगण।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी: डॉ. मनदर्शन

अयोध्या, 13 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. आलोक मनदर्शन ने कहा कि अज्ञानता, संकोच और सामाजिक कलंक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी बाधाएं हैं। किशोरावस्था एवं युवावस्था में मानसिक समस्याओं के लक्षणों की पहचान कर समय पर विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने अकादमिक दबाव, करियर चिंता, अकेलेपन और नशे को तनाव के प्रमुख कारण बताया।



विभाग समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने अतिथि का स्वागत किया। डॉ. प्रभात सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पल्लव पांडेय, सीमा तिवारी, स्वतंत्र त्रिपाठी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान ही डॉ. लोहिया के आर्थिक चिंतन का मूल आधार: कुलपति

अवध विश्वविद्यालय में डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित

अयोध्या, 12 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रीराम शोध पीठ सभागार में 'डॉ. लोहिया का आर्थिक–सामाजिक चिंतन' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने की। गोष्ठी से पूर्व कुलपति ने परिसर में स्थापित डॉ. राममनोहर लोहिया, सरदार वल्लभभाई पटेल, महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. लोहिया केवल राजनेता नहीं, बल्कि दूरदर्शी अर्थशास्त्री और दार्शनिक थे। उनका सप्तक्रांति दर्शन और चौखंभा राज की अवधारणा आज भी प्रासंगिक है। लोहिया का मानना था कि आर्थिक नीतियों के केंद्र में अर्थव्यवस्था एवं लघु तकनीक की अवधारणा होना चाहिए। उनकी अंतिम पंक्ति का व्यक्ति, किसान और श्रमिक विकेंद्रीकृत है। सामाजिक विषमता समाप्त किए बिना विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।



डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी में 'डॉ. लोहिया का आर्थिक–सामाजिक चिंतन' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह।

समन्वयक प्रो. आशुतोष सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कुटीर एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने का लोहियावादी विचार आत्मनिर्भर भारत और लोकल फॉर वोकल की अवधारणा से जुड़ा है। प्रो. सुरेंद्र मिश्र ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन प्रो. शैलेंद्र कुमार ने किया।

इस अवसर पर प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, डॉ. विनोद कुमार चौधरी, प्रो. पी.के. द्विवेदी, डॉ. अवध नारायण, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. नवीन पटेल, डॉ. रुद्र प्रताप सिंह सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पत्रकारिता में इंटर्नशिप जरूरी: डॉ. शालिनी अग्रवाल

अयोध्या, 10 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में शनिवार को 'मीडिया में अनिवार्य इंटर्नशिप की भूमिका एवं प्रभावशीलता' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।



मुख्य वक्ता रामराज्य अयोध्या फाउंडेशन की कंटेंट हेड डॉ. शालिनी अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल युग में पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए लेखन के साथ मल्टीटास्किंग और फील्ड रिपोर्टिंग का कौशल जरूरी है। इसके विकास में इंटर्नशिप महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा जर्नलिज्म और सोशल मीडिया के दौर में विद्यार्थियों को नई तकनीकों से अपडेट रहना चाहिए। इंटर्नशिप व्यावहारिक अनुभव और नए टूल्स सीखने का अवसर देती है।

विभाग समन्वयक प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि सैद्धांतिक ज्ञान के साथ फील्ड इंटर्नशिप वास्तविक पत्रकारिता का अनुभव प्रदान करती है। वरिष्ठ शिक्षक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कहा कि इंटर्नशिप में समर्पण और अनुशासन रोजगार की संभावनाएं मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर डॉ. आर.एन. पांडेय, क्षितिज द्विवेदी सहित नीलेश्वर पाण्डेय, श्रेया सेन, रिंका वर्मा, गरिमा द्विवेदी, शगुन जायसवाल, श्रेया मौर्या, सृष्टि सोनी, हर्षिता पांडेय, राहुल यादव, रामबाबू, विशाखा पाठक, लक्ष्मी पाठक एवं कुमारी रंगोली, सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पीएचडी साक्षात्कार की तिथि बदली

अयोध्या, 05 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी सीईटी–2024 के जनसंचार एवं पत्रकारिता विषय के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार अब 11 अक्टूबर 2026 को होगा। पूर्व में यह साक्षात्कार 7 अक्टूबर को निर्धारित था। पीएचडी प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने बताया कि साक्षात्कार पूर्व निर्धारित समय पर आयोजित किया जाएगा। इसकी सूचना अभ्यर्थियों को दे दी गई है तथा विश्वविद्यालय के आधिकारिक पोर्टल पर भी अप. लोड कर दी गई है।



विकसित भारत के संकल्प पर विद्यार्थियों ने रखे विचार

अयोध्या, 01 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग में 'विकसित भारत की संकल्पना' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। बीबीए पंचम सेमेस्टर के अनुभव वैश्य प्रथम, तृतीय सेमेस्टर की खुशी सिंह द्वितीय तथा पंचम सेमेस्टर के अभिषेक यादव तृतीय स्थान पर रहे। आराध्या श्रीवास्तव, श्रेया तिवारी, अक्षत अनंत प्रताप सिंह, विनोद गुप्ता और मुक्तेश मोहन मिश्रा ने भी विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने में शिक्षा, तकनीक, कृषि, नवाचार, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की भूमिका रेखांकित की।



नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाल युवाओं को किया प्रेरित

अयोध्या, 01 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत कैडेट्स ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। कंपनी कमांडर कैप्टन प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में कैडेट्स ने परिसर में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कैडेट समीर उपाध्याय, मनीष सिंह और कैडेट अभय मिश्रा सहित अन्य कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।



अवध विश्वविद्यालय में जनवरी में जुटेंगे देश–विदेश के 500 से अधिक सूक्ष्मजीव वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आईसीएमएस–2027 का पोस्टर और वेबसाइट लॉन्च

अयोध्या, 05 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग एवं माइक्रोबायोलॉजिस्ट समिति, इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 7 से 9 जनवरी 2027 तक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन माइक्रोबायोलॉजिकल साइंसेज–2027' (आईसीएमएस) का आयोजन किया जाएगा।

सोमवार को कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विभागीय शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं की उपस्थिति में संगोष्ठी के आधिकारिक पोस्टर का अनावरण किया। साथ ही सम्मेलन की जानकारी और पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया।



अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आईसीएमएस–2027 के आधिकारिक पोस्टर का अनावरण करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के साथ विज्ञान संकाय एवं सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के शिक्षकगण।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने आयोजन की रूपरेखा की सराहना करते हुए आयोजक मंडल को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सूक्ष्म जीव विज्ञान के क्षेत्र में नवीन अनुसंधानों, नवाचारों और चुनौतियों पर सार्थक चर्चा का महत्वपूर्ण अकादमिक मंच बनेगा। तीन दिवसीय सम्मेलन में देश–विदेश के 500 से अधिक ख्यातिप्राप्त सूक्ष्मजीव वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, प्रोफेसर, युवा शोधकर्ता एवं विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। इसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान के विभिन्न आयामों के साथ जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य विज्ञान और पर्यावरणीय समाधानों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। विशेषज्ञों के बीच इन विषयों पर गहन विचार–विमर्श भी होगा।

इस अवसर पर विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो. एस.एस. मिश्र, सूक्ष्म जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. तुहीन वर्मा, डॉ. प्रशांत कुमार सिंह, डॉ. रंजन सिंह, डॉ. आजाद पटेल सहित शोधार्थी गरिमा, प्रियंका एवं अभिषेक उपस्थित रहे।

हृदय रोग के समाधान में तकनीक अहम: प्रो. शर्मा

अयोध्या, 07 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के आईईटी में विशेषज्ञ व्या ख्यान आयोजित किया गया। आईआईटी मुंबई के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के प्रो .शैलेन्द्र डी. शर्मा ने 'एकल निलय हृदय: एक जटिल जन्मजात हृदय रोग एवं उसका समाधान' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और बायोमेडिकल साइंस के समन्वय से गंभीर चिकित्सकीय चुनौतियों का समाधान संभव है।



आईईटी निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने ऐसे व्याख्यानों को बहुविषयक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रेयांशी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर आयुष शुक्ला, प्रियंका सेठ, डॉ. अंकित श्रीवास्तव सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अविवि में मानसिक स्वास्थ्य पर युवाओं से संवाद

अयोध्या, 08 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मकता केंद्र में आकाशवाणी यूथ कनेक्ट के तहत मानसिक स्वास्थ्य पर परिसंवाद आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता जिला अस्पताल के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. आलोक मनदर्शन ने तनाव, चिंता और मानसिक समस्याओं के समाधान पर विद्यार्थियों से संवाद किया। केंद्र के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित होंगे।



कार्यक्रम में आकाशवाणी कार्यक्रम प्रमुख आशीष चतुर्वेदी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन दिशा श्रीवास्तव ने किया। परिसंवाद का प्रसारण 10 अक्टूबर को प्रातः 8: 15 बजे आकाशवाणी पर होगा।

फ्रेशर्स पार्टी में मुस्कान, आयुष, उदय और सृष्टि बने विजेता

अयोध्या, 09 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में बीवॉक एवं एमए एमसीजे के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी आयोजित हुई। बीवॉक प्रथम वर्ष से मुस्कान और आयुष चतुर्वेदी को फ्रेशर चुना गया, जबकि एमए एमसीजे से उदय को मिस्टर फ्रेशर और सृष्टि त्रिपाठी को मिस फ्रेशर का खिताब मिला। विद्यार्थियों ने रैंप वॉक एवं विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभा प्रदर्शित की।



समन्वयक प्रो. अनूप कुमार ने व्यक्तित्व विकास और आत्म. विश्वास के लिए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी एवं डॉ. आर.एन. पाण्डेय ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया। आयोजन में हंसिका सहदेव, गरिमा द्विवेदी, सृष्टि सोनी, मानसी यादव एवं प्रिंस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संचालन गरिमा द्विवेदी और मानसी यादव ने किया।

वृद्धाश्रम में 120 बुजुर्गों को वितरित की आवश्यक सामग्री

अयोध्या, 09 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान के तहत मणिपर्वत स्थित वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 120 वृद्धजनों को फल, बिस्कुट, नमकीन सहित दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की गई।



समाज कार्य विभाग के समन्वयक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान और देखभाल सामाजिक दायित्व है। ऐसे अभियान युवाओं में संवेदनशीलता और सेवा भावना विकसित करते हैं। स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रभात सिंह, सीमा तिवारी, पल्लव पांडेय, अंशुमान सिंह सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आचार्य नरेंद्रदेव महिला छात्रावास में डांडिया की धूम, छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव सशक्त समाज की नींव: कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

अयोध्या, 14 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्रदेव महिला छात्रावास में छात्राओं द्वारा हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में भव्य डांडिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती मीना सिंह एवं कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की विधिवत पूजा–अर्चना एवं स्तुति के साथ हुआ। इसके बाद छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति गीतों और डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रावास स्वावलंबन, अनुशासन और जीवन मूल्यों के विकास की महत्वपूर्ण पाठशाला है। छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहते हुए आत्मविश्वास के साथ प्रत्येक क्षेत्र में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में ऊर्जा, सौहार्द और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। शिक्षा के साथ संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ाव सशक्त समाज की नींव है।



आचार्य नरेंद्रदेव महिला छात्रावास में आयोजित डांडिया उत्सव के अवसर पर छात्राओं का उत्साहवर्धन करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती मीना सिंह।

विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती मीना सिंह ने छात्राओं की कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए आगामी पर्वों की शुभकामनाएं दीं। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि मातृशक्ति की आराधना का यह पर्व भारतीय सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रतीक है।

इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, प्रो. शैलेंद्र कुमार, वार्डन डॉ. महिमा चौरसिया एवं डॉ. प्रतिभा उपस्थित रहीं। आयोजन में शोध छात्राओं अदिति बर्नवाल, अवंतिका, निष्ठा, अग्रिमा, निकिता तथा कर्मचारी साधना एवं निर्मला का विशेष योगदान रहा।

डीएसटी से शोध अनुदान के लिए गुणवत्तापूर्ण शोध प्रस्ताव आवश्यक: डॉ. रेड्डी

अयोध्या, 11 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा कौटिल्य प्रशासनिक भवन में शोध प्रस्ताव लेखन विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जे.बी.वी. रेड्डी रहे। उन्होंने शोध प्रस्ताव तैयार करने में मौलिकता, वैज्ञानिक एवं सामाजिक प्रासंगिकता, स्पष्ट उद्देश्यों तथा अपेक्षित परिणामों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) से शोध अनुदान प्राप्त करने के लिए शोध प्रस्ताव का गुणवत्तापूर्ण, मौलिक एवं प्रभावशाली होना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों एवं शोधार्थियों को राष्ट्रीय वैज्ञानिक प्राथमिकताओं के अनुरूप शोध परियोजनाएं विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

स्टार्टअप की सफलता में ग्राहक अहम: डॉ. विवेक

अयोध्या, 16 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के दिवसीय ऑनलाइन स्टार्टअप पिचिंग बूटकैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों को ग्राहक की जरूरतों और बाजार अनुसंधान की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि सफल स्टार्टअप के लिए ग्राहकों की वास्तविक समस्याओं को समझना जरूरी है। उन्होंने तीन अवलोकन, प्रश्न पूछना, रिकॉर्ड करना और विश्लेषण को समस्या पहचानने के प्रमुख चरण बताया। साथ ही मजबूत वैल्यू प्रपोजिशन तैयार करने पर जोर दिया।



रंगोली में साकार हुई विकसित भारत की परिकल्पना, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

युवाओं की रचनात्मकता राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम: कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

अयोध्या, 16 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन स्थित पार्क में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को रंगों के माध्यम से आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता में विकसित भारत, मेक इन इंडिया, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, नमामि गंगे, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं स्वच्छ भारत अभियान पर आधारित रंगोलियां बनाई गईं। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि रंगोली सामाजिक चेतना और सकारात्मक विचारों की प्रभावी अभिव्यक्ति है। युवाओं को अपनी प्रतिभा राष्ट्र निर्माण से जोड़नी चाहिए। आयोजन में प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. सुरेंद्र मिश्रा, प्रो. आशुतोष सिंह, डॉ. सरिता सिंह, डॉ. रीमा सिंह एवं डॉ. सरिता द्विवेदी का योगदान रहा। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



विकसित भारत पर भाषण प्रतियोगिता में कृतिका अग्रवाल ने हासिल किया प्रथम स्थान

युवा नवाचार और आत्मनिर्भरता से बनें राष्ट्र निर्माण के संवाहकः कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

अयोध्या, 06 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रशासनिक भवन सभागार में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विजेताओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

'मेरे सपनों का भारतः विकसित भारत की संकल्पना' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न हुई। इसमें अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, अमेठी एवं बाराबंकी के पांच जनपदों से चयनित 23 प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय स्तरीय फाइनल में प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के.एस. सिंह को मिला। तृतीय स्थान पर प्रतीक्षा



विकसित भारत विषयक विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह। साथ में प्रो. नीलम पाठक एवं निर्णायक मंडल के सदस्य।

साकेत पीजी कॉलेज, अयोध्या की कृतिका पांडेय, आँचल मिश्रा एवं प्रज्ञा श्रीवास्तव अग्रवाल ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान रहीं। सभी विजेताओं को कुलपति ने स्मृति संयुक्त रूप से पुष्पेंद्र उपाध्याय एवं आर्या चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत केवल नारा नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा प्रतिबद्धता है। युवाओं को तकनीकी नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मनिर्भरता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

निर्णायक मंडल में प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. मंजूषा मिश्रा, प्रो. अंजनी कुमार सिंह एवं डॉ. सुरेखा शर्मा शामिल रहे। आयोजन प्रो. नीलम पाठक के निर्देशन में हुआ। इसमें प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, प्रो. सुरेन्द्र मिश्र, प्रो. आशुतोष सिंह, डॉ. स्नेहा पटेल, डॉ. महेन्द्र पाल सिंह एवं डॉ. आशुतोष कुमार पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय से मिले अवध विश्वविद्यालय के कुलपति

अयोध्या, 05 अक्टूबर, 2026। डॉ. बिजेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार



राममनोहर लोहिया अवध के माननीय उच्च शिक्षा मंत्री विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. श्री योगेंद्र उपाध्याय से शिष्टाचार

भेंट की। इस अवसर पर कुलपति डॉ. सिंह ने मंत्री जी से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के संबंध में सौहार्दपूर्ण चर्चा की।

भेंट के दौरान उच्च शिक्षा के विकास, विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता के संवर्धन तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं शोध को प्रोत्साहित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श हुआ। यह शिष्टाचार भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

डॉ. मणिकांत विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल

अयोध्या, 08 अक्टूबर, 2026। उद्धरण डेटा एवं साइंस–मेट्रिक्स अवध विश्वविद्यालय के मूल्यांकन पर आधारित है। बायोटेक्नोलॉजी विभाग के शिक्षक डॉ. मणिकांत त्रिपाठी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।



उन्हें स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से संबद्ध वर्ष 2026 के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। यह सूची एल्सेवियर के स्कोपस

पर्यावरण विज्ञान में उनकी वैश्विक रैंक 2,474 है। उनका एच–इंडेक्स 15 तथा एचएम–इंडेक्स 4 है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए इसे विश्वविद्यालय के शोध परिवेश की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। शिक्षकों, अधिकारियों एवं शोध ार्थियों ने भी शुभकामनाएं दीं।

महिला छात्रावास और शिक्षक कॉलोनी के मार्ग तत्काल दुरुस्त हों: कुलपति

अवध विश्वविद्यालय में विकास कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, कुलपति ने दिए आवश्यक निर्देश

अयोध्या, 01 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में परिसर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला छात्रावास एवं शिक्षक कॉलोनी के आवागमन में आ रही समस्याओं पर कुलपति ने गंभीरता जताई। उन्होंने संबंधित अभियंताओं एवं कार्यदायी संस्थाओं को मार्ग और जल निकासी की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। कुलपति ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता सर्वोपरि है। महिला छात्रावास एवं शिक्षक कॉलोनी में सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए। कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, प्रो. एस.एस. मिश्र, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. सी.के. मिश्र, प्रो. एस. के. रायजादा, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. शैलेंद्र कुमार, डॉ. पी.के. द्विवेदी, डॉ. महिमा चौरसिया, डॉ. रीमा श्रीवास्तव, ए.के. गौतम सहित समन्वयक, वार्डन एवं निर्माण एजेंसियों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, अभियंता उपस्थित रहे।



कैंपस बुलेटिन

- अयोध्या, 02 अक्टूबर। अवध विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग में फ्रेशर्स पार्टी आयोजित हुई। अमन देव राणा मिस्टर और प्रतीक्षा पांडे मिस फ्रेशर चुनी गईं।
- अयोध्या, 03 अक्टूबर। अवध विश्वविद्यालय के विधि परिसर में एलएलएम नवागत विद्यार्थियों के स्वागत में 'शुभारंभ' फ्रेशर्स पार्टी आयोजित हुई।
- अयोध्या, 03 अक्टूबर। अवध विश्वविद्यालय में छह दिवसीय हार्डवेयर टेक्नोलॉजी कार्यशाला संपन्न हुई। विद्यार्थियों को कंप्यूटर असेंबलिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।
- अयोध्या, 04 अक्टूबर। अवध विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत की संकल्पना' पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। कृशिका रस्तोगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- अयोध्या, 04 अक्टूबर। अवध विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालयी महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता 09–10 अक्टूबर को आयोजित होगी। प्रविष्टि की अंतिम तिथि 05 अक्टूबर है।
- अयोध्या, 08 अक्टूबर। अवध विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों ने स्टार्टअप मॉडल प्रस्तुत किए। जनार्दन कुमार का मॉडल सर्वश्रेष्ठ चुना गया।
- अयोध्या, 09 अक्टूबर। अवध विश्वविद्यालय में जेएनयू के प्रो. प्रदीप परिडा ने राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन के नए रुझानों पर व्याख्यान दिया।

गांधी–शास्त्री जयंती पर अवध विश्वविद्यालय में चला स्वच्छता अभियान

स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं: कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

अयोध्या, 02 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सरोवर और तुलसी भवन के मध्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने श्रमदान कर स्वच्छ परिसर का संदेश दिया।

संत कबीर सभागार में कुलपति एवं कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। प्रशासनिक भवन में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कुल. पति ने कहा कि गांधीजी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचार तथा शास्त्रीजी का 'जय जवान, जय किसान' का उद्घोष आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने परिसर में नियमित साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाने की घोषणा की। इस अवसर पर नीलम पाठक, प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो





विद्यार्थियों ने भजन, काव्य पाठ एवं शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. शैलेन्द्र कुमार, भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रो. सहित शिक्षक, अधिकारी एवं विद्यार्थी एस.एस. मिश्र, प्रो. मृदुला मिश्रा, प्रो. उपस्थित रहे।

महिला वॉलीबॉल में देव इंद्रावती महाविद्यालय बना विजेता

अयोध्या, 09 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय की सत्र 2026–27 की अंतर्महाविद्यालयी महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में देव इंद्रावती महाविद्यालय, कटेहरी (अंबेडकर नगर) की टीम विजेता रही, जबकि विश्वविद्यालय आवासीय परिसर की टीम उपविजेता बनी।

समापन समारोह में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों काउत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने खिलाड़ी उपस्थित रहे। आयोजन में परिसर में आधुनिक एथलेटिक ट्रैक एवं खेल मैदान विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।



इस अवसर पर हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. आशीष प्रताप सिंह, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. रीमा सोनकर एवं आयोजन सचिव शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं डॉ. अनुराग पांडेय सहित शिक्षक और स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर दीप सज्जा करने वाले 90 विद्यार्थी अंगवस्त्र से सम्मानित

मुख्यमंत्री योगी ने अवध विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को भेजा उपहार, कुलपति ने किया सम्मानित

अयोध्या, 07 अक्टूबर, 2026। अवध विश्वविद्यालय के 90 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल, लखनऊ में भव्य दीप सज्जा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से अंगवस्त्र भेजकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने 17 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान के तहत भगवान श्रीराम मंदिर की आकर्षक दीप आकृति बनाई थी। साथ ही भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं के समक्ष दीप सज्जा की थी। कौटिल्य अंगवस्त्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक भवन में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और भारतीय संस्कृ



राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल, लखनऊ में दीप सज्जा करने वाले विद्यार्थियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह।

अवध कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को ति के प्रति समर्पण ने विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने आगामी अयोध्या दीपोत्सव में और भव्य कलाकृतियां बनाने का आह्वान किया।

विद्यार्थियों का दल प्रो. सुरेंद्र मिश्रा एवं आशीष मिश्र के नेतृत्व में ल खनऊ गया था। समारोह में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, कुलसचिव विनय सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ला सहित शिक्षक, अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर तक बढ़ी

अयोध्या, 14 अक्टूबर, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर एवं स ंब द्ध महाविद्यालयों में सत्र 2026–27 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 16 अक्टूबर कर दी गई है। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के अनुमोदन से छात्रहित में यह निर्णय लिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

